मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-176
01/05/2022

मुख्यमंत्री ने अटल पथ एवं निर्माणाधीन जे0पी0 गंगा पथ का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना 01 मई 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अटल पथ एवं निर्माणाधीन जे0पी0 गंगा पथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दीघा से दीदारगंज तक निर्माण कराये जा रहे जे0पी0 गंगा पथ के निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली और कार्य को तेजी से पूर्ण करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अटल पथ फेज– 2 के निर्माण कार्य को भी जल्द पूर्ण करने निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने जे0पी0 गंगा पथ के निर्माण कार्यों एवं पथ के विभिन्न एलाइनमेंट की जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री सभ्यता द्वार, पी0एम0सी0एच0 के सामने जे0पी0 गंगा पथ पर रूककर वहॉ के लिंक पथ के निर्माण कार्यों की जानकारी ली और निर्माण कार्य बेहतर ढंग से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जे0पी0 गंगा पथ के विभिन्न एलाइनमेंट के माध्यम से अशोक राजपथ से जुड़ने से शहर से भी लोगों का आवागमन आसान होगा।

मुख्यमंत्री ने दीघा के पास रूककर अटल पथ और जे0पी0 सेतु से जे0पी0 गंगा पथ के कनेक्टिविटी की भी जानकारी ली और इसे बेहतर प्रारूप में निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन पथों का जे0पी0 गंगा पथ से जुड़ने से कई रुटों के लोगों के लिए आवागमन और सुगम होगा। पटना से बाहर आने जाने वाले लोगों का भी सम्पर्क और सुलभ हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जे0पी0 गंगा पथ के अगले फेज के भी कार्य योजना बनायें।

निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, बी0एस0आर0डी0सी0एल0 के प्रबंध निदेशक श्री संदीप पुद्गलकट्टी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री एम0एस0 ढ़िल्लो सहित पथ निर्माण विभाग के अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

******